**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING:07.04.2022**

# AAJ SAMAJ

रोजगार — छात्रों को मिल रहे रोजगार के बेहतर अवसर

## प्लेसमेंट अभियान में 83 छात्रों को मिला रोजगार

- छात्र अपनी क्षमता एवं रुचि के आधार पर अपने करियर का चयन करें

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिटी कॉलेज आफ स्किल डेवलेपमेंट ने मौजूदा सत्र में बेहतरीन प्लेसमेंट दर्ज की है। कालेज द्वारा चलाये जा रहे प्लेसमेंट अभियान में अब तक 83 छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए है।

विश्वविद्यालय का कम्युनिटी कॉलेज का लक्ष्य ऐसे युवाओं को डिप्लोमा या एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल आधारित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के लिए सक्षम बनाना है जो किसी कारण से बीच में पढ़ाई छोड़ चुके या जरूरी कौशल के अभाव में रोजगार के अवसरों से वंचित है। कालेज स्थानीय ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान साबित हुआ है क्योंकि कालेज में युवाओं को न केवल रोजगारोन्मुखी कौशल प्राप्त हो रहा है बल्कि उन्हें रोजगार के अच्छे अवसर भी मिल रहे हैं। विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ने इस प्लेसमेंट में लगातार वृद्धि दर्ज की है।

कालेज द्वारा चलाये जा रहे प्लेसमेंट अभियान में विभिन्न बी.वोक पाठ्यक्रमों के 83 छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए है, जिसमें शिगन ग्रुप, मानेसर में 28 छात्रों, डब्ल्यूटीआई कैब्स, दिल्ली में 15 छात्रों, न्यू एलेनबरी वर्क्स, फरीदाबाद में 21 छात्रों और हीरो ग्रुप, मुंजाल शोवा, गुरुग्राम में 19 छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए है। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने सफल छात्रों को उनके चयन के लिए बधाई दी है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कालेज के प्रिंसिपल डॉ संजीव गोयल ने बताया कि कॉलेज की शुरूआत 2013 वेल्डिंग में छह माह के एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स के साथ हुई थी। आज कालेज द्वारा छह बी.वोक, दो पीजी डिप्लोमा और चार डिप्लोमा पाठ्यक्रम सहित 12 पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहा है और इन पाठ्यक्रमों में छात्रों का कुल दाखिला 750 तक पहुंच गया है।

कालेज के वाइस प्रिंसिपल नितिन गोयल ने बताया कि छात्रों के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की तैयारी बी.वोक के तीसरे सेमेस्टर से शुरू हो जाती है। छात्रों को तीसरे सेमेस्टर के अंत में अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि करियर परामर्श सत्र द्वारा समय-समय पर छात्रों का मार्गदर्शन भी किया जाता है और यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि वे अपने क्षमता एवं रुचि के आधार पर अपने करियर का चयन करें।



औद्योगिक प्रशिक्षक के दौरान कालेज के विद्यार्थी भ्रमण करते हुए।

**NEWS CLIPPING:07.04.2022**

# REPCO

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में नववर्ष का हर्षोल्लास के साथ स्वागत



फरीदाबाद, 6 अप्रैल (रैपको न्यूज)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज भारतीय नववर्ष (नव-संवत्सर) विक्रम सम्वत 2079 का स्वागत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में शाति एवं समृद्ध के लिए हवन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक आधार को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ओम प्रकाश पांडेय ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय नव वर्ष के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक आधार पर व्याख्यान दिया।

व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। इस मौके पर शिक्षाविद् डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. अनुराग मिश्रा और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा सत्र का संयोजन विवेकानंद मंच द्वारा किया गया। प्रो. पाण्डे ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक आधार पर शोध करने के लिए प्रेरित किया और भारतीय कैलेंडर की प्रासंगिकता और महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

भारतीय नववर्ष की ऐतिहासिकता एवं वैज्ञानिकता प्रो. पांडेय ने कहा कि नव-संवत्सर प्राचीन मनीषियों और भारतीय खगोल-शास्त्रियों के सूक्ष्म चिन्तन-मनन के आधार पर की गई कालगणना के अनुसार पूर्णतः वैज्ञानिक एवं प्रकृति-सम्मत है। यह प्रमाणिक है कि चन्द्रग्रहण एवं सूर्यग्रहण जैसी घटना अचूक रूप से पूर्णिमा एवं अमावस्या को ही होती हैं।

भारतीय नववर्ष राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहर को मान्यता देने का दिन है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति पर गर्व एवं अभिमान करना चाहिए।अपने संबोधन में कुलपति प्रो. तोमर ने शैक्षणिक पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में मानवीय मूल्यों को विकसित करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्य और राष्ट्रीय मूल्य किसी भी शिक्षा प्रणाली के मूल तत्व हैं। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कामना की कि नया वर्ष प्रत्येक के जीवन में नई उमंग, उत्साह, सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आये।सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज ने छात्रों के लिए भारत वैभव पुस्तक का उल्लेख किया जिसमें भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली, प्राचीन संस्कृति और सभ्यता से संबंधित अहम जानकारी है।

उन्होंने वर्तमान समय में ऐसी पुस्तकों की आवश्यकता पर बल दिया।

**NEWS CLIPPING:07.04.2022**

# DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज के 83 छात्रों को मिला रोजगार

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट ने प्लेसमेंट अभियान के तहत अभी तक 83 छात्रों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। प्लेसमेंट अभियान में विभिन्न बी वोक पाठ्यक्रमों के छात्रों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने ने कहा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना तथा उनका कौशल विकास विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।

**NEWS CLIPPING:07.04.2022**

# HINDUSTAN

## मीडिया के छात्रों को कम्युनिकेशन समझाया

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय में मीडिया छात्रों के लिए बुधवार को दो दिवसीय मास्टर क्लास शुरू हुई। इसके तहत पहले दिन कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन की जानकारी दी गई। सीनियर कंसल्टेंट डेलोईट यूएसए ने कहा कि सफल कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन कर्मी के लिए लेखन, मीडिया सम्पर्क, विश्लेषण योग्यता, सामरिक संचार, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रेजेंटेशन स्किल्स पर काम करें।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.04.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## शिविर में 300 से ज्यादा ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 30 मार्च। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए द्वारा भारत विकास परिषद और रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आज विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। शिविर में छात्रों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और लगभग 300 से ज्यादा ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर और उपायुक्त जितेंद्र यादव ने किया। उन्होंने शिविर में भाग ले रहे स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डा. एस.के. गर्ग, भारत विकास परिषद के पदाधिकारी विक्रांत खंडेलवाल, राज कुमार अग्रवाल एवं विमल खंडेलवाल भी उपस्थित थे।